फाईल नं0-23-9002(001)/2/2022
संख्या-47/2023/आई0/508/2023

प्रेषक,

शिव कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-9 **लखनऊ: दिनांक 03 मार्च, 2023**

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-57/83 के अधीन नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0 एफ0-28 योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के 18 लघु सेतु परियोजनाओं की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के पत्र सं-रा0बैं0उ0प्र0क्षे0का0/229/राज्य परियोजना विभाग/आर0आई0डी0एफ0-04/RIDF-XXVIII/2022-23, दिनांक 08.02.2022, एवं मुख्य अभियंता(सेतु), लो0नि0वि0 के निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्र के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-57/83 के अधीन नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0-28 योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के 18 लघु सेतु परियोजनाओं, कुल लागत रू0 24,36,50,000/- (रूपये चौबीस करोड़ छत्तीस लाख पचास हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति एवं उसके सापेक्ष संलग्न सूची के स्तम्भ-9 के अनुसार रू0 17,01,45,000/-(रूपये सत्रह करोड़ एक लाख पैतालीस हजार मात्र) (जिसमें अनुदान संख्या-57 के लेखाशीर्षक 5054-04-101-36-00-24 से 78.79 प्रतिशत धनराशि रू0 1340.57 लाख एवं अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक 5054-04-789-21-00-24 से 21.21 प्रतिशत धनराशि रू0 360.88 लाख देय होगा), की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :- **(धनराशि रू0 लाख में)**

क्र.	मुख्य अभियंता(सेतु) लो0नि0वि0 का पत्रांक	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (मी0 में)	लागत	वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवमुक्त धनराशि		
						अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	कुल योग(7+8)
1	2	3	4					
1	1534/नदी सेतु, दि0 21.10.2022	गोण्डा	मोहम्मदपुर गढ़वाल सम्पर्क मार्ग के सोतिया नाले पर 2×6 मी0 आर0सी0सी0 बाक्स कल्वर्ट के निर्माण कार्य।	13.35	79.86	50.34	13.55	63.89
2	513/नदी सेतु, दि0 12.10.2022	झॉसी	रामनगर-बेंदा-एरच मार्ग के कि0मी0-5(600) में नाले पर लघु सेतु, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य।	32.75	409.15	161.19	43.39	204.58
3	512/नदी सेतु, दि0 12.10.2022	झॉसी	पाली पहाड़ी मार्ग के किमी0 1 (पुराना एन0एच0-25) शहरी मार्ग पर स्थित सकरी पुलिया एवं पहुंच मार्ग केचौड़ीकरण के निर्माण कार्य।	9.45	93.42	58.89	15.85	74.74
4	555/नदी सेतु, दि0 22.10.2022	इटावा	भरथना ऊसराहार मार्ग के कि0मी0-24 पर लघु सेतु के चौडीकरण का कार्य।	9.60	78.65	49.57	13.35	62.92
5	561/नदी सेतु, दि0 22.10.2022	कानपुर नगर	मिलकिनपुर बीहूपुर सम्पर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त लघु सेतु के स्थान पर 3×5 मी0 स्पान के लघु	17.40	102.16	64.40	17.33	81.73

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र.	मुख्य अभियंता(सेतु) लो0नि0वि0 का पत्रांक	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (मी0 में)	लागत	वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवमुक्त धनराशि		
						अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	कुल योग(7+8)
1	2	3	4					
			सेतु के निर्माण कार्य।					
6	684/नदी सेतु, दि0 18.11.2022	रायबरेली	विकास खण्ड अमावां में अब्दुल्लागंज एवं कोडरा के मध्य महाराजगंज ड्रेन पर 3×10.00 मी0 स्पान की लघु सेतु, पहुंच मार्ग एव अतिरिक्त पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य।	32.40	416.74	164.17	44.20	208.37
7	497/नदी सेतु, दि0 12.10.2022	सीतापुर	सिधौली महमूदाबाद मार्ग (एस0एच0-139) के कि0मी0 08 में 06 मी0 स्पॉन की सकरी पुलिया के पुनर्निर्माण का कार्य।	8.00	98.90	62.34	16.78	79.12
8	495/नदी सेतु, दि0 12.10.2022	उन्नाव	दोस्तीनगर राजेपुर मार्ग के मध्य 3×6.00 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 लघु सेतु पुलिया के निर्माण कार्य।	20.40	147.19	92.78	24.97	117.75
9	567/नदी सेतु, दि0 22.10.2022	उन्नाव	मोरावां-गुलरिहा-गुरूबक्शगंज मार्ग(अ0जि0मा0) के किमी0 08 पर स्थित सकरी लघु सेतु के स्थान पर आर0सी0सी0 लघु सेतु का निर्माण	8.30	92.97	58.60	15.78	74.38
10	510/नदी सेतु, दि0 12.10.2022	उन्नाव	मेंहदी नगर खरौली मार्ग के मध्य 3×6 मी स्पान के आर0सी0सी0 लघु सेतु एवं पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य।	18.00	110.64	69.74	18.77	88.51
11	1481/नदी सेतु, दि0 03.10.2022	सोनभद्र	जुगैल से गरदा सम्पर्क मार्ग के कि0मी0 3 में 6 सेल 4×4 मी0 स्पान के आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य।	27.40	168.40	106.15	28.57	134.72
12	1483/नदी सेतु, दि0 03.10.2022	सोनभद्र	वि0ख0 कोन के कचनरवा से भालुकूदर(सतद्वारी) होते हुए सरैया सम्पर्क मार्ग के किमी0 2 में पाण्डू नदी पर 3×5 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कार्य।	18.00	115.79	72.98	19.65	92.63
13	1146/सेतु, दि0 04.11.2022	सहारनपुर	सुन्दरपुर-नौरंगपुर-जसमौर-मिर्जापुर मार्ग से अलीपुरा सम्पर्क मार्ग पर पड़ने वाले रपटे पर लघु सेतु निर्माण कार्य	10.00	75.47	47.57	12.81	60.38
14	995/सेतु, दि0 27.09.2022	सहारनपुर	देवबन्द-झबरेडा मार्ग के किमी0 3 में पुराने संकरे सेतु के स्थान पर नये लघु सेतु के निर्माण का कार्य	9.00	78.91	49.74	13.39	63.13
15	997/सेतु, दि0 27.09.2022	सहारनपुर	सिसौनी से खुदाबक्शपुर मार्ग पर लघु सेतु निर्माण का कार्य।	11.40	84.51	53.27	14.34	67.61
16	998/सेतु, दि0 27.09.2022	सहारनपुर	नानौता-देवबन्द-मंगलौर मार्ग से बीबीपुर-दुगचाडा मार्ग के कि0मी0 6 में लघु सेतु निर्माण।	20.00	127.95	80.65	21.71	102.36
17	1129/सेतु, दि0 31.10.2022	सहारनपुर	सरसावा से बिन्नाखेडी चौरा दुमझेड़ी, दुमझेडा, नल्हेड़ा होते हुए धौलाहेड़ी(अ0जि0मा0) मार्ग के किमी0-12 में 3/33/0 बॉक्स कल्वर्ट एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	9.00	78.84	49.69	13.38	63.07

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

क्र.	मुख्य अभियंता(सेतु) लो0नि0वि0 का पत्रांक	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (मी0 में)	लागत	वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवमुक्त धनराशि		
						अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	कुल योग(7+8)
1	2	3	4					
18	1127/सेतु, दि0 31.10.2022	सहारनपुर	चिलकाना गन्देवड के किमी0 5 से धौलाहेडी दूधगढ़नारायणपुर गुर्जर मार्ग के कि0मी0 3 में 3/33/0 बॉक्स कलवर्ट एवं पहुंच मार्ग क निर्माण कार्य।	9.00	76.95	48.50	13.06	61.56
			योग		**2436.50**	**1340.57**	**360.88**	**1701.45**

(1) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-बी-2-2528/ दस-2014-10/77, दिनांक 26.08.2014 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 द्वारा की होगी। प्रायोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिये है उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(6) अधिष्ठान व्यय/सेन्टेज चार्ज की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त (लेखा) अनु02 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-74(4)/75/2011 दिनांक 25 जनवरी 2011 के अनुसार लोक निर्माण विभाग के प्राप्ति लेखाशीर्ष में ट्रान्सफर इन्ट्री द्वारा क्रेडिट करके विभाग द्वारा जमा की जायेगी।

(7) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(8) मूल्यह्रास निधि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा करायी जायेगी।

(9) प्रायोजना में यदि भूमि अध्याप्ति का प्राविधान किया गया है तो भूमि का क्रय विभाग द्वारा सुसंगत वित्तीय नियमों के अधीन किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(10) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 द्वारा आगणन में सम्मिलित जी0एस0टी0 की धनराशि वास्तविक रूप से जितनी देय होगी उतनी ही भुगतान की जायेगी। प्रस्तावित आगणन उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

(11) प्रायोजना की लागत का आंकलन प्रशासकीय/वित्तीय अनुमोदन तथा बजट आवंटन के उद्देश्य से किया गया है। प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जाय।

(12) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 द्वारा व्यय वित्त समिति द्वारा लगाई गई शर्तों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 द्वारा नाबार्ड शर्तों एवं योजना की गाइड लाइन का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(14) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(15) विभाग द्वारा वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 13 / 2022/ बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 एवं यथा संशोधित शासनादेश सं0-23/2022/ बी-1-749/दस-2022-231/2022, दिनांक- 04 नवम्बर, 2022 **में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।**

(16) प्रश्नगत कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग में सम्पादित कराये जा रहे कार्यो हेतु Third Party Quality Audit/Inspection प्रणाली एवं रोड सेफ्टी आडिट प्रणाली, विकसित करने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-1850/23-12-17, दिनांक 22.11.2017 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।

(17) **प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 द्वारा** नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियाँ एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(18) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(19) मार्ग सुरक्षा के प्राविधान आई0आर0सी0 कोड के अनुसार किये जाये।

(20) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की मात्राओं को यथावत् मानते हुए मात्र दरों के आधार पर परीक्षण किया गया है।मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष का होगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (*1*) रुपये 13,40,57,000 (रुपये तेरह करोड़ चालीस लाख सत्तावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 057 **लेखा शीर्षक** 5054041013600 प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के मार्गो पर नये सेतुओं का निर्माण (नाबार्ड पोषित) **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य(*2*) रुपये 3,60,88,000 (रुपये तीन करोड़ साठ लाख अट्ठासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 083 **लेखा शीर्षक** 5054047892100 नाबार्ड पोषित आर0आई0डी0एफ0 के अन्तर्गत नये सेतुओं का निर्माण **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-8-605-X-2022-23, दिनांक- 24 फरवरी, 2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय

शिव कुमार
अनु सचिव।

<u>संख्या उपरोक्त तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ0प्र0 प्रयागराज ।
2- जिलाधिकारी, संबंधित जनपद।
3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
4- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
5- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
6- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता (सेतु), लो0नि0वि0, लखनऊ।
8- उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय, 11 विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
9- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
10- समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)।
11- राज्य योजना आयोग अनुभाग1/2
12- संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
13- संबंधित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता , लो0नि0वि0।
14- लोक निर्माण अनुभाग-10/श्रम अनुभाग-2/गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(शिव कुमार)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in